NAVBHARAT TIMES, Ghaziabad, 4.4.2018
Page No. 1, Size:(9.52)cms X (12.32)cms.

अब जिले के 19 डाकघरों में बनेंगे आधार कार्ड

■ नगर संवाददाता, गाजियाबाद

आधार कार्ड बनवाना या उसमें संशोधन कराना अब और भी आसान हो गया है। जिला प्रशासन ने 19 डाकघरों में यह सुविधा शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

अपर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तक आधार कार्ड बनवाने या नाम-पता बदलवाने में दिक्कत होती थी। कई आधार सेंटर बंद होने के कारण यह समस्या हो रही थी। इसे दूर करने के लिए डाकघरों को भी आधार की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया गया है।

इन जगहों पर बनेंगे

मुख्य डाकघर नवयुग मार्केट, डाकघर ओल्ड रेलवे स्टेशन रोड, फैक्ट्री गेट मोहननगर मार्केट, डाकघर लेबर बाजार मोदीनगर, डाकघर कविनगर बी ब्लॉक मार्केट, मुरादनगर डाकघर फैक्ट्री कैंपस, पिलखुवा में आर्यनगर डाकघर, भारत नगर डाकघर इलेक्ट्रॉनिक फैक्ट्री कैंपस, चिकंबरपुर डाकघर, धौलाना तहसील, हिंडन एयर फील्ड डाकघर स्टेशन, एलईई साहिबाबाद डाकघर सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, मेन रोड लोनी डाकघर, नेहरू नगर सेकंड एक ब्लॉक मार्केट, साहिबाबाद में 38 श्याम मार्केट, शिप्रा सन सिटी ईस्ट, मॉडल टाउन में एमएमएच कॉलेज डाकघर, मेरठ रोड पर सेंट जोसफ हॉस्पिटल कैंपस और गोविंदपुरी में मेन रोड डाकघर शामिल हैं।